तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज अचलसिंह बनाम लो.सू.अ. (उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ) सू.अ.अ. अपील संख्या 68 / 2020	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23.06..20	दिनांक 23.03.2020 से दिनांक 31.05.20 तक लोकडाउन घोषित रर्हा। संक्षित में अपील इस प्रकार है कि अपीलार्थी अचलसिंह पुत्र उगमसिहं पता प्लॉट नं.–36, विष्णुनगर, डिगाड़ी कला, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 26.11..2019 में उसके द्वारा (1) प्रार्थी (अचलसिंह पुत्र उगमसिंह ग्राम डांवरा) की वर्ष 1985 से 1990 तक की निर्वाचन पत्रावली की सत्यापित प्रतिलिपि, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थीपक्ष अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ) से आज दिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी भोपालगढ) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	